# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




**1 March 2026**

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

# Q. राजस्थान सरकार ने गौवंश के लिए अनुदान कितने प्रतिशत बढ़ाया है?

(A) 15 प्रतिशत
(B) 25 प्रतिशत
(C) 10 प्रतिशत
(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान सरकार ने गौवंश के लिए अनुदान 25 प्रतिशत बढ़ाया है। गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने 26 फरवरी को विधानसभा में यह जानकारी दी।
- राज्य सरकार गौशालाओं एवं नन्दीशालाओं को नियमित रूप से अनुदान उपलब्ध करा रही है तथा उसने अनुदान राशि में 25 प्रतिशत वृद्धि की है।
- गौशालाओं को नौ एवं नन्दीशालाओं को 12 माह का अनुदान दिया जा रहा है तथा दिव्यांग एवं दृष्टिबाधित गौवंश पशुओं के लिए 12 माह सहायता राशि दी जा रही है
- फिलहाल बड़े गौवंश पशुओं के लिए 50 रुपये तथा छोटे गौवंश मवेशियों के लिए 25 रुपये प्रतिदिन सहायता दी जा रही है

Yesterday Revision

1. अब माउंट आबू को आबू राज, जहाजपुर का नाम बदलकर यज्ञपुर,  कामां का नाम बदलकर अब कामवन
2. राजस्थान सरकार द्वारा गो सेवा नीति, 2026 लागू  की जाएगी
3.राजस्थान सरकार द्वारा  जयपुर में अटल बिहारी वाजपेयी ग्लोबल सेन्टर फॉर एडवांस्ड स्किलिंग की स्थापना की जाएगी
4. तिरुवनन्तपुरम में केरल पुलिस की मेजबानी में 74वीं अखिल भारतीय पुलिस कलस्टर वॉलीबॉल में राजस्थान महिला टीम ने गोल्ड मेडल जीता।
5. राजस्थान के सभी सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों में 28 फरवरी, 2026 को महाराणा प्रताप का राज्यारोहण दिवस मनाया

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना के अन्तर्गत सम्मान राशि ₹15 हजार को बढ़ाकर ₹20 हजार प्रतिमाह

(2) योजना के अन्तर्गत आयु सीमा 70 वर्ष है।

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना के अन्तर्गत वर्तमान में 60 वर्ष से अधिक आयु के अधिस्वीकृत पत्रकारों को दी जाने वाली सम्मान राशि ₹15 हजार को बढ़ाकर ₹18 हजार प्रतिमाह तथा
- दिवंगत अधिस्वीकृत पत्रकार की पत्नी को देय राशि ₹7,500 को बढ़ाकर ₹9 हजार प्रतिमाह किये जाने की घोषणा की गई।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) राजस्थान में राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय का गठन होगा

(2) इससे राजस्व संबंधी सूचनाओं और आर्थिक अपराधों की जांच का कार्य एकीकृत रूप से किया जा सकेगा

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा वित्तीय अनुशासन के लिए राज्य राजस्व आसूचना निदेशालय को समाप्त कर राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय के गठन का निर्णय मंत्रिमण्डल में किया गया।
- इससे रियल एस्टेट में धोखाधड़ी, बैंक-बीमा-एनबीएफसी एवं शेयर बाजार से जुड़े वित्तीय अपराध, मल्टी लेवल मार्केटिंग ठगी, झूठा दिवालियापन, फर्जी प्लेसमेंट एजेंसी तथा फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से नौकरी या प्रवेश से संबंधित मामलों पर शीघ्र कार्रवाई हो सकेगी।
- यह निदेशालय वाणिज्यिक कर, आबकारी, परिवहन, पंजीयन एवं मुद्रांक, खनिज सहित विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण कर राजस्व लीकेज पर निगरानी रखेगा तथा टैक्स चोरी को रोकेगा
- इससे राजस्व संबंधी सूचनाओं और आर्थिक अपराधों की जांच का कार्य एकीकृत रूप से किया जा सकेगा

03 राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहां से 16 हजार 686 करोड़ रुपये की लागत के 43 प्रमुख कार्यों एवं परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण किया ?

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) अजमेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 28 फरवरी को राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में अजमेर से प्रदेशवासियों को 16 हजार 686 करोड़ रुपये की लागत के 43 प्रमुख कार्यों एवं परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण की सौगात दी।
- लगभग 8 हजार 554 करोड़ रुपये की 34 परियोजनाएं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से तथा करीब 8 हजार 132 करोड़ रुपये की 9 प्रमुख परियोजनाएं केंद्र सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग और ऊर्जा विभाग से जुड़ी हैं।
- इन विभागों में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, ऊर्जा, जल संसाधन, उद्योग, सार्वजनिक निर्माण, नगरीय विकास एवं आवासन, राष्ट्रीय राजमार्ग प्रमुख हैं।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राजस्थान में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के द्वितीय चरण की शुरूआत गंगा दशहरा (25 मई) को होगी

(2) पहली बार वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान की शुरुआत 5 जून 2025 को की गई थी

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राज्य सरकार वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के द्वितीय चरण की शुरूआत गंगा दशहरा (25 मई) को शुरू करने जा रही है, जो 5 जून को पर्यावरण दिवस तक संचालित होगा।
- अभियान के प्रथम चरण (1.0) में हमारा प्रदेश तृतीय स्थान पर रहा।
- वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान की शुरुआत 5 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा के अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा की गई।
- यह अभियान 20 जून 2025 तक चलाजिसका उद्देश्य जल निकायों (तालाबोंनदियोंबांधों) की सफाईसंरक्षण और पौधारोपण करना था

**05. वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन को बढ़ाकर कितने रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है?**

(A) 1,600 रुपये प्रतिमाह

(B) 1,300 रुपये प्रतिमाह

(C) 1,500 रुपये प्रतिमाह

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- राजस्थान के महिला अधिकारिता मंत्री श्री अविनाश गहलोत ने विधानसभा में बताया कि वर्तमान सरकार ने 2 वर्ष में सामाजिक सुरक्षा पेंशन को एक हजार रुपये से बढ़ाकर 1,300 रुपये प्रतिमाह कर दिया है।
- वर्ष 2024 में एक हजार रुपये से बढ़ाकर 1,150 एवं वर्ष 2025 में 1,150 रुपये से बढ़ाकर 1,250 रुपये तथा वर्ष 2026 में 1,250 से बढ़ाकर 1,300 रुपये प्रतिमाह कर दिया है।
- प्रदेश के 91 लाख से अधिक पेंशनर्स को पेंशन दी जा रही है
- वर्ष 2026-27 के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत 16 हजार 579 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है,

# Sujas QUIZ

जयपुर, मंगलवार, 24 फरवरी, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-8

1. **मुख्यमंत्री** आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत पात्र परिवारों को अब कितने रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा मिल रही है?
(A) 10 लाख रुपये
(B) 15 लाख रुपये
(C) 25 लाख रुपये
(D) 50 लाख रुपये

2. **प्रदेशवासियों** के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने, अवसाद और आत्महत्या जैसी घटनाओं को रोकने के लिए कौन सा प्रोग्राम चलाया जाएगा?
(A) राज संबल प्रोग्राम
(B) राज ममता प्रोग्राम
(C) मुस्कान राजस्थान प्रोग्राम
(D) सजग राजस्थान प्रोग्राम

3. **ई-संजीवनी** मुख्य रूप से क्या है?
(A) ऑनलाइन दवा वितरण ऐप
(B) अस्पताल प्रबंधन सॉफ्टवेयर
(C) टेलीमेडिसिन सेवा
(D) एम्बुलेंस बुकिंग सेवा

4. **देश** में सबसे पहले पंचायती राज व्यवस्था का प्रारंभ राजस्थान के किस जिले के एक गांव से हुआ था?
(A) जयपुर
(B) नागौर
(C) बीकानेर
(D) अजमेर

5. **'सेंटर** ऑफ एक्सीलेंस इन मेंटल हेल्थ' की स्थापना कहां की जाएगी?
(A) एम्स, जोधपुर
(B) पीबीएम अस्पताल, बीकानेर
(C) एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर
(D) मथुरादास माथुर अस्पताल, जोधपुर

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में अटल बिहारी वाजपेयी ग्लोबल सेन्टर फॉर एडवांस्ड स्किलिंग की स्थापना कहां की जाएगी?**

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine